विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का पुनर्गठन

1319 **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पुनर्गठन का कार्य पूरा कर लिया है ,

(ख) यदि हा, तो इस सम्बन्ध मे मुख्य बाते क्या है , और

(ग) यदि नही, तो सरकार का विचार उक्त कार्य को कब तक पूरा करने का है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्रालय तथा संस्कृति विभाग में उप मंत्री (श्री डी० पी० यादव) · (क) से (ग) सशोधित अधिनियम के अन्तर्गत आयोग का पुनर्गठन शीघ्र ही पूरा किये जाने की सम्भावना है ।

पटना स्थित बिहार फ्लाइंग क्लब को सरकारी अनुदान

1320. **श्री रामावतार शास्त्री** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ·

(क) क्या सरकार पटना स्थित बिहार फ्लाइंग क्लब को प्रति वर्ष अनुदान देती है, यदि हा, तो गत तीन वर्षो मे प्रति वर्ष दिये गए अनुदान का ब्यौरा क्या है ,

(ख) क्या इस फ्लाइंग क्लब पर किया जाने वाला सपूर्ण व्यय केन्द्र तथा राज्य सरकारें वहन करती है ;

(ग) क्या उक्त क्लब के प्रबधको द्वारा की गई अनियमितताओ के बारे मे एक ज्ञापन उनको प्रस्तुत किया गया है ; और

(घ) यदि हा, तो उसकी मुख्य बाते क्या है ?

पर्यटन और नागर विमानन मन्त्री (डा० कर्ण सिंह) (क) ऐसे फ्लाइंग क्लब, जो पात्रता की निर्धारित शर्तों की पूर्ति करते हैं तथा उडान उपदान योजना मे सम्मिलित किये गये है, निर्धारित दरो पर नियत-उपदान तथा मासिक आर्थिक सहायता के रूप मे सहायक—अनुदान प्राप्त करते है । बिहार फ्लाइंग क्लब को पिछले तीन वर्षो के दौरान निम्न राशि मिली —

1968—69	2,02,586 रुपये
1969—70	1,40,296 रुपये
1970—71	1,01,006 रुपये

(ख) राज्य सरकार को किसी क्लब को, जितना वह चाहे अनुदान देने की अनुमति है । क्लब के वार्षिक लेखो से पता चलता है कि केन्द्रीय सरकार द्वारा दिये गये अनुदान तथा प्रशिक्षणार्थियो द्वारा दी गयी फीस के अतिरिक्त, बिहार सरकार ने इस क्लब को वर्ष 1968-69 के दौरा 60,000/- रुपये का तथा 1969-70 के दौरान भी इतनी राशि का अनुदान दिया ।

(ग) और (घ). नागर विमानन के महा निदेशक को इस क्लब के कर्मचारियो से हाल ही मे एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है जिसमे कर्मचारियो के निर्वाह—निधि लेखे मे कमी होने का आरोप लगाया गया है । इसकी ध्यान पूर्वक जाच की जा रही है ।

बिहार फ्लाइंग क्लब में अनियमितताए

1321. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने कुछ राज्यो मे फ्लाइंग क्लबो का राष्ट्रीयकरण कर दिया है ,